कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 26.11.2024

विषय:- **अवैध गांजा की तस्करी करने वाला अभियुक्त थाना लंका एवं एसटीएफ लखनऊ की संयुक्त टीम द्वारा गिरफ्तार, ट्रक में रखी प्लास्टिक की 17 बोरियों से कुल 400 किलो अवैध मादक पदार्थ (गांजा) कीमत लगभग 01 करोड़ रुपये बरामद।**

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर व प्रभारी निरीक्षक लंका के नेतृत्व में थाना लंका पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान थाना लंका पुलिस एवं एसटीएफ लखनऊ की संयुक्त टीम द्वारा दिनांक 26.11.2024 को अभियुक्त महेश मिश्रा पुत्र श्री रमाशंकर मिश्रा निवासी धौरहरा थाना हण्डिया, जनपद प्रयागराज उम्र करीब 42 वर्ष को डाफी टोल प्लाजा के पास प्रयागराज की तरफ जाने वाले मार्ग की बांयी तरफ सर्विस लेन से हिरासत पुलिस में लिया गया। अभियुक्त के कब्जे से प्लास्टिक की कुल 17 बोरियों से कुल 400 किलो अवैध गांजा (कीमत करीब 01 करोड़ रुपये) व एक ट्रक संख्या UP 70 GT 9837 बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना लंका पर मु0अ0सं0-0474/2024, धारा 8/20/29/60 एनडीपीएस एक्ट थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना विवरण:- दिनांक 26.11.2024 को मुखबिर की सूचना पर थाना लंका पुलिस व एसटीएफ लखनऊ की संयुक्त टीम द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाते हुए डाफी टोल प्लाजा से गुजरने वाले वाहनों की चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध ट्रक के वाहन चालक से पूछताछ एवं निशांदेही के आधार पर प्लास्टिक की कुल 17 बोरियों में रखा 400 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया तथा चालक को कारण गिरफ्तारी बताते हुए मौके से हिरासत पुलिस लिया गया।

अपराध विवरण- मु0अ0सं0 0474/2024 धारा 8/20/29/60 एनडीपीएस एक्ट थाना लंका, कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम-पता-

1. महेश मिश्रा पुत्र श्री रमाशंकर मिश्रा निवासी धौरहरा थाना हण्डिया, जनपद प्रयागराज उम्र करीब 42 वर्ष।

गिरफ्तारी का दिनांक व घटनास्थल - दिनांक- 26/11/2024 को डाफी टोल प्लाजा के पास प्रयागराज की तरफ जाने वाले मार्ग की बांयी तरफ सर्विस लेन से थाना लंका, कमि0 वाराणसी।

विवरण बरामदगी

अभियुक्त के कब्जे से प्लास्टिक की कुल 17 बोरियों से कुल 400 किलो अवैध गांजा (कीमत करीब 01 करोड़ रुपये) व एक ट्रक संख्या UP 70 GT 9837 बरामद।

विवरण पूछताछ-

पकड़े गये अभियुक्त महेश मिश्रा उपरोक्त द्वारा पूछताछ में बताया गया कि मैं मूलतः धौरहरा जनपद प्रयागराज का निवासी हूँ। मेरे पास छः सात ट्रके हैं। मैं स्वयं गाड़ी भी चलाता हूँ और ट्रक भी चलवाता हूँ। आज मैं उड़ीसा से कच्चा लोहा लादकर अपने ट्रक में ले जा रहा था उड़ीसा के तस्करों से सम्पर्क कर गांजा एकत्रित कर लोहे की खेप के साथ छिपाकर 17 बोरियो में अवैध गांजा लगभग 4 क्विंटल पंजाब राज्य बेचने हेतु ले जा रहा था। पंजाब व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में मेरे द्वारा गांजा की बिक्री किया जाता है। जिससे मिलने वाले मुनाफे से मैं अपना व अपने परिवार का भरण पोषण करता हूँ तथा सम्पत्ति का सृजन करता हूँ। मेरा एक साथी वर्तमान में तिहाड़ जेल में बन्द है।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम

1. श्री धनन्जय मिश्र, सहायक पुलिस आयुक्त, भेलूपुर, कमिश्नरेट वाराणसी।
2. प्रभारी निरीक्षक श्री शिवाकान्त मिश्र, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 श्री धर्मेन्द्र राजपूत, चौकी प्रभारी रमना, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
4. उ0नि0 अमित कुमार तिवारी, एसटीएफ लखनऊ।
5. हे०का० आलोक पाण्डेय, एसटीएफ लखनऊ।
6. हे० का० अमित सिंह, एसटीएफ लखनऊ।
7. का0 स्वरूप पाण्डेय, एसटीएफ लखनऊ।
8. कमाण्डो प्रहलाद, एसटीएफ लखनऊ।
9. मु0आ0 हिन्छ लाल, थाना लंका, कमि0 वाराणसी
10. का0 प्रेमचन्द मौर्य, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
11. का0 रोशन कुमार, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
12. का0 आशीष कुमार तिवारी, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
13. का0 कमल सिंह यादव, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी।